# NEWSLETTER

शनिवार, 25 मार्च 2023 | वॉल्यूम - 38




**तमिलनाडू के कपास किसानों को पूरी उम्मीद- आने वाले सप्ताह में बढ़ेंगे कपास के दाम**

**TOP 5 NEWS OF THE WEEK**



**GOLD : 59310**
**SILVER : 70404**
**CRUD OIL : 5730**

## पिछले साल की तुलना में भारत से 2927 मिलियन डॉलर तक कम हुआ कॉटन एक्सपोर्ट

चैप्टर 52, (HSN CODE) की रिपोर्ट में रॉ कॉटन, यार्न, कॉटन वेस्ट, डेनिम आदि टेक्सटाइल संबंधित प्रोडक्ट्स के एक्सपोर्ट की पूरी जानकारी उपलब्ध होती है। एसआईएस ने इस चैप्टर के पिछले 5 महीनों में हुए एक्सपोर्ट के विवरण पर रिसर्च की और पिछले साल के इन्हीं महीनों से उसकी तुलना कर एक तुलनात्मक रिपोर्ट बनाई। इस तैयार रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल 2021-22 की तुलना में इस साल 2022-23 में भारत से हुए चैप्टर 52 के एक्सपोर्ट में 2927 मिलियन डॉलर की कमी देखी गई है।

अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर, जनवरी और फरवरी 5 महीनों में सबसे ज्यादा कमी दिसंबर माह के एक्सपोर्ट में हुई है। इस माह 64.57 प्रतिशत तक एक्सपोर्ट घटा है। जबकि फरवरी में हालात सुधरते नजर आए है और यह कमी 39.11 प्रतिशत तक रह गई है। उम्मीद है आने वाले महीनों में एक्सपोर्ट की स्थिति सुधरेगी। प्रस्तुत है एक्सपोर्ट संबंधित यह खास रिपोर्ट-

**Comparison of 5 Months export data of chapter 52 from last year**

| Months | Oct | Nov | Dec | Jan | Feb |
|---|---|---|---|---|---|
| Year 22-23 | $326Million | $391Million | $457Million | $588Million | $605Million |
| Year 21-22 | $860Million | $1028Million | $1290Million | $1123Million | $994Million |
| Change In Value | -$533Million | -$637Million | -$833Million | -$535Million | -$389Million |
| Change In % | -62.06 | -61.98 | -64.57 | -47.63 | -39.11 |

## तेलंगाना से 40 प्रतिशत कपास आवक आना अभी बाकि है

***SIS*। कपास की आवक धीमी होने की वजह से इस बार कॉटन व्यापार का सीजन लंबा होगा। वर्तमान स्थिति यह है कि मार्च खत्म होने को है और तेलंगाना में अब भी 40 प्रतिशत कपास की आवक आना बाकि है। इसी वजह से तेलंगाना के व्यापारियों ने बिजली क्षमता, को अग्रिम तौर पर 2 माह तक आगे बढ़ा दिया है। यह जानकारी दी तेलंगाना के भैंसा गांव के कॉटन ब्रोकर योगेश वर्माजी ने।**



*योगेश वर्मा,(कॉटन ब्रोकर),*
*भैंसा, तेलंगाना*

उन्होंने बताया कि तेलंगाना के कॉटन उद्योग में आदिलाबाद के बाद दूसरे स्थान पर भैंसा का नाम आता है। यहां कुल 25 जिनिंग फैक्ट्री है लेकिन वर्तमान में इनमें से केवल 13 ही चालू स्थिति में है। सामान्य स्थिति में भैंसा में सालाना 1.5 से 2 लाख कॉटन बेल्स की आवक होती है और रोजाना लगभग 150 गाड़ी (70-80 क्विंटल की) यहां की मंडी में आती है। किंतु इस साल आवक धीमी होने की वजह से 50 गाड़ी ही मंडी में आ रही है। यहां प्रीमियम क्वालिटी (78 आरडी, 3.8-4 माइक और 30 एमएम) का कॉटन पाया जाता है। जिसकी डिमांड साउथ और महाराष्ट्र में बहुत ज्यादा है। महाराष्ट्र की नांदेड बॉर्डर से भैंसा की दूरी महज 12 किलो है, इसलिए यहां का कपास काफी संख्या में महाराष्ट्र की मिलों में जाता है।

### भेंडचाल की रणनीति अपना रहा किसान

यह साल जिनर्स और किसानों दोनों के लिए ही खासा नुकसान वाला रहा है। हमारे प्रदेश में तो किसानों ने जमकर कपास का स्टॉक किया है। अब जाकर ऐसी स्थिति बन रही है कि यदि किसी गांव का एक किसान कपास बेचने को तैयार होता है तो बाकि किसान भी कपास बेच देते है। इससे स्पष्ट है कि किसान समझदारी से नहीं बल्कि भेड़चाल की रणनीति से काम कर रहे है। भैंसा के पास 60 छोटे गांव है और सभी गांव में यही स्थिति है।

### 40 प्रतिशत तक कम हो सकता है रकबा

पिछले सीजन के मुकाबले इस सीजन किसानों को कपास बहुत कम भाव में बेचना पड़ रहा है। इसका नतीजा यह हो रहा है कि किसानों का इस फसल पर से भरोसा ही कम होता जा रहा है। तेलंगाना में जो स्थिति बन रही है उसे देखकर पूरी संभावना लग रही है कि आने वाले सीजन में कपास का रकबा 40 फीसदी तक कम हो जाएं। दरअसल, यहां के किसान मक्का और सोयाबीन जैसी फास्ट पीकिंग और इजी सेलिंग फसलों में ज्यादा रुचि ले रहे है।

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

EDITOR - RAKSHA BHAGAT JAIN
(+91 - 74150 28064)




# शेयर मार्केट की गिरावट का असर टेक्सटाइल सेग्मेंट पर भी

## 20 से 25 मार्च 2023 के बीच प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की शेयर वेल्यू पर एक नजर-

यह सप्ताह शेयर मार्केट के लिए खासा गिरावट वाला रहा। टेक्सटाइल निवेशकों को भी इस सप्ताह निराशा ही हाथ लगी। वर्धमान, अरविंद, वेल्सपन और अक्षिता जैसी कई कंपनीज का मार्केट कैप इस सप्ताह निगेटिव रहा। आइए जानते है बीएसई के मंच पर इन कंपनीज की कैसी रही परफॉर्मेंस-

| कंपनी | करंट प्राइस | हाई प्राइस | लोएस्ट प्राइस | हलचल |
|---|---|---|---|---|
| वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड | 278.95 | 299 | 275 | 4.19% |
| अरविंद लिमिटेड | 82.69 | 85.9 | 82.15 | 0.97% |
| वेलसपन इंडिया | 65.29 | 68.75 | 63.35 | 1.82% |
| नितिन स्पिनर्स | 216.2 | 227.35 | 211.25 | 0.56% |
| रेमण्ड | 1231.35 | 1288 | 1221.3 | 2.76% |
| अक्षिता कॉटन | 56.02 | 57.9 | 51.1 | 3.25% |

# जानिए कॉटन मार्केट के लिए कैसा रहा यह सप्ताह

**SMART INFO SERVICES**

**CALL : 91119 77771 - 5**


**WEEKLY CHART 25.03.2023**

| ICE COTTON | | | |
|---|---|---|---|
| MONTH | 17.03.23 | 24.03.23 | WEEKLY CHANGE |
| MAY | 77.83 | 76.54 | -1.29 |
| JULY | 78.44 | 77.17 | -1.27 |
| DEC | 79.51 | 78.4 | -1.11 |
| | | | |
| MCX (BALES) CANDY | | | |
| APRIL | 61400 | 61040 | -360 |
| JUNE | 62460 | 62000 | -460 |
| | | | |
| NCDEX (KAPAS) | | | |
| APRIL | 1568 | 1548 | -20 |
| | | | |
| NCDEX ( COCUD KHAL) | | | |
| APRIL | 2680 | 2665 | -15 |
| MAY | 2690 | 2698 | 8 |
| | | | |
| CURRENCY ($) | | | |
| INDIAN (Rupee) | 82.55 | 82.48 | -0.07 |
| PAK (Pakistani Rupee) | 281.892 | 279.262 | -2.63 |
| CNY (Chinese yuan) | 6.8873 | 6.86808 | -0.01922 |
| BRAZIL (Real) | 5.27928 | 5.24618 | -0.0331 |
| AUSTRALIAN Dollar | 1.48146 | 1.50454 | 0.02308 |
| MALAYSIAN RINGGITS | 4.48599 | 4.42731 | -0.05868 |
| | | | |
| COTLOOK "A" INDEX | 93.55 | 92.8 | -0.75 |
| BRAZIL COTTON INDEX | 90.73 | 88.36 | -2.37 |
| USDA SPOT RATE | 75.51 | 74.22 | -1.29 |
| MCX SPOT RATE | 60980 | 60680 | -300 |
| KCA SPOT RATE (PAKISTAN) | 17500 | 18700 | 1200 |
| | | | |
| GOLD ($) | 1993.70 | 1981 | -12.7 |
| SILVER ($) | 22.750 | 23.375 | 0.625 |
| CRUDE ($) | 66.34 | 69.2 | 2.86 |

कॉटन के दाम में कमी का सिलसिला जारी है। इस सप्ताह भी नेशनल और इंटरनेशनल दोनों ही एक्सचेंज मार्केट में कॉटन के दाम घटे है। इंटरनेशनल कॉटन एक्सचेंज मार्केट में मई, जुलाई और दिसंबर तीनों ही माह के सौदा भाव में क्रमशः 1.29, 1.27 और 1.11 अंक तक की गिरावट हुई है। वहीं एमसीएक्स पर अप्रैल के लिए 360 रूपए और जून के लिए 460 रूपए प्रति कैंडी तक भाव कम हुए है।

एनसीडीएक्स पर कपास के भाव में भी सप्ताहअंत में 20 रूपए की गिरावट आई है। वहीं खल के भाव में उतार और चढ़ाव दोनों ही देखने को मिले है। अप्रैल माह के लिए खल के भाव में 15 रूपए की गिरावट हुई है जबकि मई माह के लिए भाव 8 रूपए तक बढ़े है।

अन्य एक्सचेंज मार्केट पर नजर करें तो पाकिस्तान के केसीए स्पॉट रेट को छोड़ अन्य सभी जगह इस सप्ताह कॉटन के दाम घटे है। केसीए स्पॉट रेट पर 1200 रूपए की भारी बढ़त हुई है। वहीं कॉटलुक ए इंडेक्स, ब्राजील कॉटन इंडेक्स, यूएसडीए स्पॉट रेट और एमसीएक्स स्पॉट रेट पर कॉटन के कीमत में गिरावट देखी गई है।


IMPORT
EXPORT
GET IMPORT AND EXPORT
DATA OF
CHAPTER - 52, 54 and 55
(COTTON, COTTON WASTE, YARN, POLYSTER,
VISCOSE, DENIM AND OTHER TEXTILE GOODS)
DATA AVAILABLE FOR
FEBRUARY 2023
For More Information Contact Us - +91 - 9111677775

# TOP 5 NEWS OF THE WEEK

### अल नीनो से अमेरिका में कपास उत्पादन में सुधार की उम्मीद

अल नीनो मौसम का पैटर्न अमेरिकी कपास किसानों के लिए वर्ष की दूसरी छमाही में पैदावार बढ़ा सकता है, जिन्हें वर्षों में सबसे खराब सूखे में से एक के कारण 2022 में अपनी फसल का एक बड़ा हिस्सा छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह फाइबर की वैश्विक मांग के कमजोर होने के समय आया है।

### ब्राजील में कपास की कीमतें कमजोर, निर्यात की तुलना में घरेलू बिक्री अधिक फायदेमंद

ब्राजील में कपास की कीमतें कमजोर बनी हुई हैं, घरेलू बाजार का पारिश्रमिक निर्यात से अधिक रहा है, घरेलू कीमतों के साथ पहले से ही निर्यात किए गए कपास के लिए भुगतान की तुलना में अधिक है। गस्त 2022 से मार्च 2023 के पहले आठ कार्य दिवसों तक, ब्राजील ने 1.148 मिलियन टन कपास का निर्यात किया, जो अगस्त 2021 और मार्च 2022 के बीच निर्यात की गई मात्रा से 17 प्रतिशत कम है।

### मार्च में भारतीय कपास की आवक तीन साल के उच्चतम स्तर पर

भारत में कपास की आवक मार्च में तीन साल के उच्च स्तर पर बढ़ना शुरू हो गई है। व्यापारियों ने कहा कि प्राकृतिक फाइबर की कीमतें 60,000 रुपये और 62,000 रुपये प्रति कैंडी के बीच स्थिर होने और आवक की गुणवत्ता अच्छी होने के मद्देनजर है। इंडियन टेक्सप्रेन्योर्स फेडरेशन (आईटीएफ) के संयोजक प्रभु धमोधरन ने कहा, "हम सभी बाजारों में आवक में लगातार वृद्धि देख रहे हैं।"

### तमिलनाडू के कपास किसानों को पूरी उम्मीद- आने वाले सप्ताह में बढ़ेंगे कपास के दाम

राज्य के रामनाथपुरम जिले के कपास किसानों को उम्मीद है कि आने वाले सप्ताह में उनको फसल के अच्छे दाम मिलेंगे। दरअसल, जिले में कपास फसल की कटाई तेज गति से हो रही है। मौजूदा समय में कपास औसतन 65 रुपये प्रति किलो बिक रहा है, जबकि पिछले साल इसी सीजन में कीमत में 103 रुपये प्रति किलो तक की बढ़ोतरी हुई थी।

### वित्तीय वर्ष 23 में तिरुप्पुर से निटवेअर निर्यात में गिरावट दर्ज

तिरुपुर एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अनुसार FY23 के लिए, तिरुप्पुर से कुल निटवेअर निर्यात $ 4.31 बिलियन होने का अनुमान है, वित्त वर्ष 22 में दर्ज किए गए $ 4.5 बिलियन से 4.22 प्रतिशत की कमी। हालाँकि, रुपये के संदर्भ में, वित्त वर्ष 22 में 33,525 करोड़ से 3.12 प्रतिशत की मामूली वृद्धि होगी।

## कॉटन फिजिकल मार्केट पर एक नजर

एक्सचेंज मार्केट की तरह फिजिकल कॉटन मार्केट में भी इस सप्ताह कॉटन की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। नार्थ झोन में पंजाब में 30, हरियाणा में 35 और अपर राजस्थान में 50 रूपए प्रति मंड तक कॉटन के दाम घटे है।

सेंट्रल झोन में महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 1500 रूपए प्रति कैंडी की गिरावट देखी गईं जबकि गुजरात और मध्यप्रदेश में 600 रूपए प्रति कैंडी तक की कमी हुई है। कीमतों में गिरावट की वजह से किसानों के बीच एक बार फिर निराशा का माहौल है।

साउथ झोन में कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में इस सप्ताह कॉटन के भाव में कोई अंतर नहीं दिखा। इसके विपरीत तेलंगाना में 200 रूपए प्रति कैंडी और उड़िसा में 700 रूपए प्रति कैंडी तक कॉटन के दाम घटे है।

SMART INFO SERVICES
india.smartinfo@gmail.com
Call : 91119 77771 - 5

DATE: 25.03.2023

**WEEKLY COTTON BALES MARKET**

| STATE | STAPLE LENGTH | 13.03.23 | | 18.03.23 | | AVERAGE PRICE |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | LOW | HIGH | LOW | HIGH | |
| **NORTH ZONE** | | | | | | |
| PUNJAB | 28.5 | 6,080 | 6,180 | 6,100 | 6,150 | -30 |
| HARYANA | 27.5/28 | 6,085 | 6,185 | 6,050 | 6,150 | -35 |
| UPER RAJASTHAN | 28 | 6,300 | 6,400 | 6,250 | 6,350 | -50 |
| **CENTRAL ZONE** | | | | | | |
| GUJARAT | 29 | 60,500 | 60,800 | 59,500 | 60,200 | -600 |
| MADHYA PRADESH | 29 | 60,000 | 60,300 | 59,300 | 59,700 | -600 |
| MAHARASHTRA | 29 vid. | 61,500 | 62,000 | 60,000 | 60,500 | -1,500 |
| SMART INFO SERVICES CALL : 91119 77775 | | | | | | |
| **SOUTH ZONE** | | | | | | |
| ODISHA | 29.5+ | 61,700 | 61,800 | 61,000 | 61,100 | -700 |
| KARNATAKA | 29.5/30 mm | 59,800 | 60,000 | 59,500 | 60,000 | 0 |
| ANDHRA PRADESH | 29/29.5 mm | 59,500 | 60,000 | 59,500 | 60,000 | 0 |
| TELANGANA | 30 mm 76/77 RD | 60,000 | 60,500 | 59,800 | 60,300 | -200 |

NOTE : There may be some changes in the rate depending on the quality.
Punjab, Haryana and Rajasthan rates in maund the rest in Candy

# NEWSLETTER

Saturday, 25 March 2023 | Volume - 38




*Tamil Nadu cotton farmers have full hope - cotton prices will increase in the coming week*

**TOP 5 NEWS OF THE WEEK**



**GOLD : 59310**
**SILVER : 70404**
**CRUD OIL : 5730**

## Cotton export from India decreased by $ 2927 million as compared to last year

In the report of Chapter 52, (HSN CODE), complete information about export of textile related products like raw cotton, yarn, cotton vest, denim etc. is available. SIS researched the details of exports in the last 5 months of this chapter and made a comparative report by comparing it with the same months of last year. According to this prepared report, there has been a decrease of $ 2927 million in Chapter 52 exports from India in this year 2022-23 as compared to last year 2021-22.

In the 5 months of October, November, December, January and February, the maximum decrease has taken place in the exports of December. Exports have decreased by 64.57 percent this month. While the situation has been seen improving in February and this shortfall has come down to 39.11 percent. It is expected that the export situation will improve in the coming months. Presenting this special report related to exports-

**Comparison of 5 Months export data of chapter 52 from last year**

| Months | Oct | Nov | Dec | Jan | Feb |
|---|---|---|---|---|---|
| Year 22-23 | $326Million | $391Million | $457Million | $588Million | $605Million |
| Year 21-22 | $860Million | $1028Million | $1290Million | $1123Million | $994Million |
| Change In Value | -$533Million | -$637Million | -$833Million | -$535Million | -$389Million |
| Change In % | -62.06 | -61.98 | -64.57 | -47.63 | -39.11 |

## 40% cotton is yet to arrive from Telangana

*SIS | Due to the slow arrival of cotton, this time the season of cotton trade will be longer. The current situation is that March is about to end and 40 per cent cotton is yet to arrive in Telangana. For this reason the traders of Telangana have extended the power capacity up to 2 months in advance. This information was given by Yogesh Vermaji, a cotton broker from Bhainsa village of Telangana.*



*Yogesh Verma,*(cotton broker),
*Bhainsa, Telangana*

**He told that in the cotton industry of Telangana, after Adilabad, the name of Bhainsa comes at the second place. There are a total of 25 ginning factories, but at present only 13 of them are in operation. In normal condition, 1.5 to 2 lakh cotton bales arrive annually in Bhainsa and daily about 150 carts (of 70-80 quintals) come to the mandi here. But this year due to slow arrival only 50 vehicles are coming to the market. Premium quality cotton (78 rd, 3.8-4 mic and 30 mm) is available here. Whose demand is very high in South and Maharashtra. The distance of buffalo from Maharashtra's Nanded border is just 12 kilos, so a large number of cotton here goes to the mills of Maharashtra.**

### Farmer is adopting the strategy of herding

This year has been very lossful for both the ginners and the farmers. In our state, farmers have heavily stocked cotton. Now such a situation is being created that if a farmer of a village is ready to sell cotton, then other farmers also sell cotton. It is clear from this that the farmers are not working wisely but with the strategy of sheep. Bhainsa has 60 small villages and this is the situation in all the villages.

### Area can be reduced by 40 percent

Compared to last season, this season farmers have to sell cotton at a very low price. The result of this is that farmers are losing faith in this crop. Looking at the situation prevailing in Telangana, there is every possibility that the area under cotton will reduce by 40 percent in the coming season. Actually, the farmers here are taking more interest in fast picking and easy selling crops like maize and soyabean.




# The impact of the fall of the stock market on the textile segment as well

## A look at the share value of major textile companies from 20 to 25 March 2023-

This week has been a major downfall for the stock market. Textile investors were also disappointed this week. The market cap of many companies like Vardhaman, Arvind, Welspun and Akshita turned negative this week. Let us know how the performance of these companies was on the platform of BSE-

| COMPANY | CURRENT PRICE | HIGH PRICE | LOWEST PRICE | CHANGE IN % |
|---|---|---|---|---|
| Vardhaman Textile Limited | 278.95 | 299 | 275 | 4.19% |
| Arvind Limited | 82.69 | 85.9 | 82.15 | 0.97% |
| Welspun India | 65.29 | 68.75 | 63.35 | 1.82% |
| Nitin Spinners | 216.2 | 227.35 | 211.25 | 0.56% |
| raymond | 1231.35 | 1288 | 1221.3 | 2.76% |
| Axita Cotton | 56.02 | 57.9 | 51.1 | 3.25% |

# Know how this week was for the cotton market


**SMART INFO SERVICES**
**CALL : 91119 77771 - 5**
**WEEKLY CHART 25.03.2023**

| ICE COTTON | | | |
|---|---|---|---|
| MONTH | 17.03.23 | 24.03.23 | WEEKLY CHANGE |
| MAY | 77.83 | 76.54 | -1.29 |
| JULY | 78.44 | 77.17 | -1.27 |
| DEC | 79.51 | 78.4 | -1.11 |
| | | | |
| MCX (BALES) CANDY | | | |
| APRIL | 61400 | 61040 | -360 |
| JUNE | 62460 | 62000 | -460 |
| | | | |
| NCDEX (KAPAS) | | | |
| APRIL | 1568 | 1548 | -20 |
| | | | |
| NCDEX ( COCUD KHAL) | | | |
| APRIL | 2680 | 2665 | -15 |
| MAY | 2690 | 2698 | 8 |
| | | | |
| CURRENCY ($) | | | |
| INDIAN (Rupee) | 82.55 | 82.48 | -0.07 |
| PAK (Pakistani Rupee) | 281.892 | 279.262 | -2.63 |
| CNY (Chinese yuan) | 6.8873 | 6.86808 | -0.01922 |
| BRAZIL (Real) | 5.27928 | 5.24618 | -0.0331 |
| AUSTRALIAN Dollar | 1.48146 | 1.50454 | 0.02308 |
| MALAYSIAN RINGGITS | 4.48599 | 4.42731 | -0.05868 |
| | | | |
| COTLOOK "A" INDEX | 93.55 | 92.8 | -0.75 |
| BRAZIL COTTON INDEX | 90.73 | 88.36 | -2.37 |
| USDA SPOT RATE | 75.51 | 74.22 | -1.29 |
| MCX SPOT RATE | 60980 | 60680 | -300 |
| KCA SPOT RATE (PAKISTAN) | 17500 | 18700 | 1200 |
| | | | |
| GOLD ($) | 1993.70 | 1981 | -12.7 |
| SILVER ($) | 22.750 | 23.375 | 0.625 |
| CRUDE ($) | 66.34 | 69.2 | 2.86 |

The process of reduction in the price of cotton continues. This week also, the prices of cotton have decreased in both the national and international exchange market. In the International Cotton Exchange market, the deal prices for the three months of May, July and December have declined by 1.29, 1.27 and 1.11 points respectively. On the other hand, on MCX, the price has come down to Rs 360 for April and Rs 460 per candy for June.

The price of cotton on NCDX has also declined by Rs.20 in the weekend. On the other hand, both ups and downs have been seen in the price of khal. For the month of April, the price of Khal has decreased by Rs. 15 while for the month of May, the price has increased by Rs. 8.

If you look at the other exchange market, except the KCA spot rate of Pakistan, cotton prices have decreased in all other places this week. There has been a huge gain of Rs 1200 on the KCA spot rate. On the other hand, cotton prices have seen a decline on Cotlook A Index, Brazil Cotton Index, USDA spot rate and MCX spot rate.


IMPORT
EXPORT
GET IMPORT AND EXPORT
DATA OF
CHAPTER - 52, 54 and 55
(COTTON, COTTON WASTE, YARN, POLYSTER,
VISCOSE, DENIM AND OTHER TEXTILE GOODS)
DATA AVAILABLE FOR
FEBRUARY 2023
For More Information Contact Us - +91 - 9111677775

# TOP 5 NEWS OF THE WEEK

## El Nino expected to improve cotton production in US

An El Niño weather pattern could boost yields in the second half of the year for US cotton farmers, who were forced to abandon a large portion of their crop in 2022 due to one of the worst droughts in years. This comes at a time when global demand for the fiber is weak.

## Cotton prices weak in Brazil, domestic sales more profitable than exports

Cotton prices in Brazil remain weak, remunerating the domestic market has been higher than exports, with domestic prices already higher than paid for exported cotton. From August 2022 to the first eight working days of March 2023, Brazil exported 1.148 million tonnes of cotton, down 17 percent from the amount exported between August 2021 and March 2022.

## Indian cotton arrivals at three-year high in March

Cotton arrivals in India have started rising to a three-year high in March. Traders said natural fiber prices are likely to stabilize between Rs 60,000 and Rs 62,000 per candy in view of good quality of arrivals. Prabhu Dhamodharan, convener of the Indian Texpreneurs Federation (ITF), said, "We are seeing a steady increase in arrivals in all markets."

## Tamil Nadu cotton farmers have full hope - cotton prices will increase in the coming week

Cotton farmers in Ramanathapuram district of the state are hopeful of getting good prices for their crop in the coming week. Actually, the harvesting of cotton crop is going on at a fast pace in the district. At present, cotton is being sold at an average of Rs 65 per kg, while last year in the same season the price had increased up to Rs 103 per kg.

## Tiruppur knitwear exports decline in FY23

For FY23, according to the Tiruppur Exporters Association, total knitwear exports from Tiruppur are estimated at $4.31 billion, a decrease of 4.22 per cent from the $4.5 billion recorded in FY22. However, in rupee terms, there would be a marginal increase of 3.12 per cent from ₹33,525 crore in FY22.

## *A look at the movement of the cotton physical market*

Like the exchange market, the physical cotton market has also recorded a decline in cotton prices this week. In the North Zone, the price of cotton has decreased by Rs.30 per mand in Punjab, Rs.35 in Haryana and Rs.50 in Upper Rajasthan.

In the central zone, Maharashtra saw the maximum decrease of Rs 1,500 per candy, while Gujarat and Madhya Pradesh saw a decrease of up to Rs 600 per candy. Due to the fall in prices, there is once again an atmosphere of despair among the farmers.

In South Zone, there was no difference in cotton prices in Karnataka and Andhra Pradesh this week. In contrast, cotton prices have decreased by Rs 200 per candy in Telangana and Rs 700 per candy in Odisha.

SMART INFO SERVICES
india.smartinfo@gmail.com
Call : 91119 77771 - 5

DATE: 25.03.2023

WEEKLY COTTON BALES MARKET

| STATE | STAPLE LENGTH | 13.03.23 | | 18.03.23 | | AVERAGE PRICE |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | LOW | HIGH | LOW | HIGH | |
| **NORTH ZONE** | | | | | | |
| PUNJAB | 28.5 | 6,080 | 6,180 | 6,100 | 6,150 | -30 |
| HARYANA | 27.5/28 | 6,085 | 6,185 | 6,050 | 6,150 | -35 |
| UPER RAJASTHAN | 28 | 6,300 | 6,400 | 6,250 | 6,350 | -50 |
| **CENTRAL ZONE** | | | | | | |
| GUJARAT | 29 | 60,500 | 60,800 | 59,500 | 60,200 | -600 |
| MADHYA PRADESH | 29 | 60,000 | 60,300 | 59,300 | 59,700 | -600 |
| MAHARASHTRA | 29 vid. | 61,500 | 62,000 | 60,000 | 60,500 | -1,500 |
| SMART INFO SERVICES CALL : 91119 77775 | | | | | | |
| **SOUTH ZONE** | | | | | | |
| ODISHA | 29.5+ | 61,700 | 61,800 | 61,000 | 61,100 | -700 |
| KARNATAKA | 29.5/30 mm | 59,800 | 60,000 | 59,500 | 60,000 | 0 |
| ANDHRA PRADESH | 29/29.5 mm | 59,500 | 60,000 | 59,500 | 60,000 | 0 |
| TELANGANA | 30 mm 76/77 RD | 60,000 | 60,500 | 59,800 | 60,300 | -200 |

NOTE : There may be some changes in the rate depending on the quality.

Punjab, Haryana and Rajasthan rates in maund the rest in Candy